नीम के पेड़ के संबंध में अनुसंधान

*155. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एड्स तथा कैंसर रोग पर नियंत्रण हेतु नीम के पेड़ के संबंध में अनुसंधान के महत्व पर बल दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार को इस दिशा में कितनी सफलता मिली है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) से (ग) नीम की बहुविज्ञता और व्यापक प्रयोज्यता के कारण इसकी ओर सारे विश्व का ध्यान आकृष्ट हो रहा है। तथापि अब तक यह सुझाने के कोई निर्णायक प्रमाण नहीं हैं कि नीम को कसर और एड्स के नियंत्रण के लिए एक कारक के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है और अब तक किए गए अध्ययन केवल प्राइमाइशी पशुओं पर किए गए हैं।

गुरु जल का उत्पादन

*156. **श्री मूलचन्द मीणा :**
श्री अजीत पी०के० जोगी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान देश में प्रत्येक गुरू जल संयंत्र की अनुमानित उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी थी, और प्रत्येक संयंत्र में वास्तव में गुरू जल का कितना-कितना उत्पादन हुआ;

(ख) क्या गुरू जल के उत्पादन में कमी आई है, यदि हां, तो उसका संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन संयंत्रों में उत्पादन बढ़ाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान देश के प्रत्येक भारी पानी संयंत्र की प्रभावी क्षमता का ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है :—

भारी पानी संयंत्र	प्रभावी वार्षिक क्षमता (मीटरी टन)
नांगल . . .	8
बडौदा . . .	45
तूतीकोरिन . . .	49
थाल . . .	110
हज़ीरा . . .	110
तलचर . . .	62.5
कोटा . . .	85
मानुगुरू . . .	185

भारी पानी चूंकि एक सामरिक महत्व की सामग्री है, इसलिए वास्तविक उत्पादन के बारे में आंकड़े बताना राष्ट्रीय-हित में नहीं है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) विभिन्न संयंत्रों में उत्पादन में सुधार लाने के लिए किए गए प्रयास निम्नलिखित हैं :—

अमोनियां गैस पर आधारित भारी पानी संयंत्र

(i) उन उर्वरक संयंत्रों से, जिनसे ये संयंत्र जुड़े हुए हैं, प्राप्त होने वाली संश्लेषण गैस में ड्यूटी रियम के अंश को, उर्वरक संयंत्र में सांद्र के अपेक्षाकृत बेहतर प्रबन्धन के जरिए बढ़ाना।